


## यू19 वर्ल्ड कपः भारत ने जापान को 41 रन पर समेटा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम ने अंडर–19 वर्ल्ड कप के अपने दूसरे मुकाबले में मंगलवार को जापान को 10 विकेट से हरा दिया। ब्लोमफोंटेन में ग्रुप–ए में मिली इस जीत के साथ भारतीय अंडर–19 टीम ने टूर्नामेंट में अपना विजयी अभियान जारी रखा। भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला किया और जापानी टीम को मात्र 41 रन पर समेट दिया। जापान टीम का कोई भी खिलाड़ी दहाई के आंकड़े को नहीं छू सका। इतना ही नहीं, उसके 5 बल्लेबाज तो खाता भी नहीं खोल सके। ओपनर शु नोगुची और केंटो डोबेल ने सर्वाधिक 7–7 रन बनाए। लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने 8 ओवर में सिर्फ 5 रन देकर 4 विकेट झटके, जिन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। कार्तिक त्यागी को 3 और आकाश सिंह को 2 विकेट मिले। पाटिल ने 1 विकेट लिया।

भारतीय टीम ने बिना कोई विकेट खोए 4.5 ओवर में 42 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। ओपनर यशस्वी जायसवाल ने नाबाद 29 और कुशाग्र ने नाबाद 13 रन का योगदान दिया। टूर्नामेंट में भारतीय टीम ने इससे पहले श्रीलंका को 90 रन से हराया था। अब भारतीय टीम का सामना 24 जनवरी को न्यू जीलैंड अंडर–19 टीम से होगा।

# टखने की चोट के कारण इशांत टेस्ट सीरीज से बाहर

**क्रिकेट**

## शिखर धवन भी चोटिल, टी20 सीरीज में हिस्सा नहीं ले सकेंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय टीम के सीनियर पेसर इशांत शर्मा टखने की चोट के कारण न्यू जीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। उन्होंने सोमवार को रणजी ट्रॉफी मैच के दौरान चोट लगी थी। दिल्ली स्टेट ऐंड डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट असोसिएशन (डीडीसीए) के अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। दिल्ली के लिए खेलते हुए इशांत का फॉलोथ्रू के दौरान टखना मुड़ गया था, जिसके कारण उन्हें सपोर्ट स्टाफ की मदद से बाहर ले जाया गया। वह विदर्भ टीम के खिलाफ गेंदबाजी कर रहे थे।

**धवन टी20 टीम से बाहरः** इससे पहले टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज शिखर धवन भी चोटिल हो गए जिसके कारण वह न्यू जीलैंड में टी20 सीरीज में हिस्सा



नहीं ले सकेंगे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को बेंगलुरु में खेले गए आखिरी वनडे मैच में उनके कंधे में चोट लग गई थी। अभी उनके विकल्प के तौर पर बीसीसीआई की ओर से किसी खिलाड़ी के नाम का ऐलान नहीं किया गया है। क्रिकइन्फो ने अपनी रिपोर्ट में धवन के बाहर होने की जानकारी दी है। खबर के मुताबिक, सोमवार को न्यू जीलैंड गए खिलाड़ियों के साथ धवन रवाना नहीं हुए।

**इशांत का था सीजन का आखिरी मैचः** दिल्ली के पेसर इशांत ने विदर्भ की पहली पारी में 45 रन देकर तीन विकेट लिए थे। इशांत का यह इस रणजी सत्र में आखिरी मैच था, चूंकि उनका न्यू जीलैंड दौरे पर टेस्ट टीम में चयन तय माना जा रहा है। उनका अगला मुकाबला हैमिल्टन में अभ्यास मैच था लेकिन क्योंकि यह चोट गंभीर है तो उन्हें रिहैबिलिटेशन के लिए एनसीए जाना होगा। भारत को न्यू जीलैंड से 21 से 25 फरवरी तक तथा 29 फरवरी से चार मार्च तक न्यू जीलैंड में दो टेस्ट मैच खेलने हैं। 31 साल के पेसर इशांत ने अब तक करियर में 96 टेस्ट मैच खेले हैं, जिनकी 173 पारियों में कुल 292 विकेट झटके हैं। वह 80 वनडे में 115 विकेट ले चुके हैं।

डीडीसीए महासचिव विनोद तिहाड़ा ने कहा, इशांत की रिपोर्ट में टखने में ग्रेड 3 चोट आई है, यह गंभीर है। उन्हें छह सप्ताह के आराम और रिहैबिलिटेशन की सलाह दी गई है। यह वास्तव में एक बड़ा झटका है। डीडीसीए के एक अन्य अधिकारी ने कहा, सौभाग्य से उनके टखने में कोई फ्रेक्चर नहीं है।

# रणजी मैच में मनोज तिवारी की पहली ट्रिपल सेंचुरी, कहा– सुकून की नींद आएगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलकाता। भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे बल्लेबाज मनोज तिवारी ने रणजी ट्रॉफी के मैच में ट्रिपल सेंचुरी लगाकर दिखाया कि उनमें अभी काफी क्रिकेट बाकी है। बंगाल टीम से खेलते हुए मनोज तिवारी ने हैदराबाद के खिलाफ सोमवार को 303 रनों की नाबाद पारी खेली।

अपनी इस पारी के बाद मनोज तिवारी ने कहा कि आईपीएल में किसी भी टीम द्वारा ना खरीदा जाना उनके लिए काफी निराशाजनक था। इस ऐतिहासिक पारी के बाद मनोज तिवारी ने एक फोटो भी ट्वीट किया, जिसमें वह अपने बल्ले के साथ श्सुकून से सोते दिख रहे हैं।




अपनी इस फोटो के साथ मनोज तिवारी ने लिखा, मेरे लिए यह बहुत अच्छी नींद वाली रात होगी। हैदराबाद के खिलाफ अपना पहला तिहरा शतक लगाकर बहुत अच्छा लग रहा है। मैं उन सभी लोगों को शुक्रिया कहना चाहता हूं, जिन्होंने मुझे इसके लिए बधाई दी और मैसेज भेजे। मैं सभी को तहेदिल से शुक्रिया अदा करना चाहता हूं।

**आईपीएल में सिलेक्शन ना होने की बात पचा पाना मुश्किल था**

हैदराबाद के खिलाफ मैच में नाबाद 303 रन की पारी खेलने के बाद मनोज तिवारी ने कहा, श्आईपीएल में नहीं बिकने की बात पचाना काफी मुश्किल था लेकिन यह सच्चाई है।

## केएल राहुल के विकेटकीपिंग संभालने के बाद पंत के लिए वापसी मुश्किल?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टीम इंडिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने केएल राहुल की जमकर तारीफ की है। गंभीर ने कहा कि राहुल ऐसे प्लेयर हैं, जिन्हें टीम इंडिया में बड़ी भूमिकाओं के लिए तैयार किया जा सकता है। एक लेख में उन्होंने कहा कि बिजनस और क्रिकेट में एक ही समय में बहुत सारी चीजें नहीं होतीं। टीम इंडिया में केएल राहुल और ऋषभ पंत को लेकर भी यह बात सही साबित होती है। उन्होंने कहा, केएल राहुल की बात करें तो वह टीम इंडिया के लिए शानदार प्लेयर हैं। एक अच्छे एटिट्यूड वाले खिलाड़ी हैं। इसके अलावा शानदार फिटनेस लेवल, अच्छे स्ट्रोक्स और लीडरशिप क्वॉलिटी भी हैं। ऋषभ पंत से तुलना करते हुए गंभीर ने कहा कि राहुल को अब उनके स्थान पर विकेटों के पीछे भी जिम्मा संभालना पड़ रहा है। इसके बाद से ही अब यह चर्चा भी शुरू है कि भविष्य में भी सीमित ओवरों के खेल में केएल राहुल दोहरी भूमिका में नजर आ सकते हैं। गौतम गंभीर ने कहा कि मुझे लगता है कि टीम प्रबंधन और सेलेक्टर्स इस बात को अच्छी तरह से समझेंगे।

## न्यूज डायरी



### विकेट बचाने के चक्कर में गेंदबाज पर गिरे बल्लेबाज हार्पर, अस्पताल ले जाया गया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। क्रिकेट के मैदान पर बल्लेबाज अपना विकेट बचाने के लिए हर कोशिश करता है। ऐसी ही एक कोशिश बिग बैश लीग में देखने को मिली लेकिन इसी बीच बल्लेबाज सैम हार्पर बुरी तरह गिर गए। मेलबर्न रेनेगेड्स और होबार्ट हरिकेंस के बीच मुकाबले में मंगलवार को यह घटना हुई। डोकलैंड्स स्टेडियम में मेलबर्न टीम के हार्पर नंबर–3 पर बल्लेबाजी को उतरे। उन्होंने नाथन एलिस की गेंद पर शॉट लगाया और सिंगल के लिए दौड़े। फील्डर ने तुरंत गेंद पकड़ी और उसे नॉन स्ट्राइकर एंड पर थ्रो किया। हार्पर ने गेंदबाज को नहीं देखा और वह दौड़ते हुए अपना विकेट बचाने के चक्कर में उन्हीं के ऊपर गिर गए। गिरने के बाद हार्पर मैदान पर लेट गए, फिर डॉक्टर को बुलाया गया। हालांकि हार्पर रिटायर्ड हर्ट होकर लौट गए।

### न्यू जीलैंड को उसी के घर में मुश्किल में डाल सकता है भारतः सचिन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंडुलकर ने कहा कि न्यू जीलैंड की पिचों का व्यवहार काफी बदल गया गया है और बल्लेबाजी के लिए अनूकुल इन पिचों पर भारत के पास वह क्षमता है जिससे वे मेजबान टीम को मुश्किल में डाल सकते हैं। सचिन ने 1990 से 2009 तक रेकॉर्ड पांच बार न्यू जीलैंड का दौरा किया है। उन्होंने कहा कि जब वह अपने पहले दौरे पर न्यू जीलैंड गए थे तो पिचों से तेज गेंदबाजों को काफी मदद मिलती थी जबकि 2009 में उनके आखिरी दौरे पर यहां रन बनाना काफी आसान हो गया था। उन्होंने खास इंटरव्यू में कहा, 'न्यू जीलैंड की पिचों में बदलाव आया है जिससे हाल के वर्ष में टेस्ट मैचों में काफी रन बने हैं।' भारतीय टीम 24 जनवरी से शुरू हो रहे न्यू जीलैंड दौरे पर पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय, तीन एकदिवसीय और दो टेस्ट मैच खेलेगी।

### ऑस्ट्रेलियन ओपनः नडाल दूसरे दौर में, शारापोवा बाहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। दुनिया के नंबर–1 खिलाड़ी स्पेन के राफेल नडाल ने एकतरफा मुकाबले में बोलिविया के हुजो डेलियेन को हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। पांच बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन मारिया शारापोवा हारकर बाहर हो गईं। नडाल ने दो घंटे के भीतर यह मुकाबला 6–2, 6–3, 6–0 से जीता। तीन अलग–अलग दशकों में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी रह चुके नडाल की नजरें 20वें ग्रैंडस्लैम खिताब पर हैं। इसके साथ ही वह ओपन युग में कम से कम दो बार सभी चारों ग्रैंडस्लैम जीतने वाले पहले खिलाड़ी बनना भी चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'यह सकारात्मक शुरुआत है। पहले दौर में सीधे सेटों में जीत दर्ज करना अच्छा है।' अब नडाल का सामना अर्जेंटीना के फेडरिको डेलबोनिस या पुर्तगाल के जोओ साउसा से होगा।

### टेबल टेनिस में पुरुष टीम के पास ओलंपिक कोटा हासिल करने का मौका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** गोंडोमर (पुर्तगाल)। भारतीय पुरुष टेबल टेनिस टीम बुधवार से यहां शुरू हो रहे ओलंपिक क्वालीफायर्स के जरिये तोक्यो ओलंपिक 2020 में जगह बनाकर इतिहास रचने की तैयारी में है। पांचवीं वरीयता प्राप्त भारतीय टीम में जी साथियान (विश्व रैंकिंग 30), शरत कमल (विश्व रैंकिंग 33) और हरमीत देसाई (विश्व रैंकिंग 86) जैसे अनुभवी खिलाड़ी है जिन्हें ओलंपिक के टीम स्पर्धा का टिकट हासिल करने के लिए क्वालीफायर टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचना होगा। भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी इससे पहले भी ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं लेकिन जब उनके पास व्यक्तिगत नहीं टीम के तौर पर क्वालीफाई करने का मौका होगा।

### हर्षवर्धन का अच्छा प्रदर्शन जारी, चेन्नई ओपन में संयुक्त बढ़त पर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** चेन्नई। चेन्नई के स्कूली छात्र जी बी हर्षवर्धन ने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए मंगलवार को चेन्नई ओपन अंतरराष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता के पांचवें दौर में एक अन्य ग्रैंडमास्टर उक्रेन के स्टेनिसलाव बोगादानोविच को हराया।